- आम प्रचलन अनुसार, जितना जल्दी हो सके मुंह से और नसों के जरिए ART के प्रयोग किया जाना लाभदायक होता है, ताकि बच्चे में HIV के संचरण को रोकने में मदद दी जा सके।
- यह डॉक्टर निर्धारित करेंगे कि प्रसव किस तरह कराया जाए जिससे HIV के संचरण के खतरा कम हो।
- जन्म के बाद बच्चे को स्तनपान करने की सलाह बिल्कुल नहीं दी जा सकती।
- रोकथाम और समय से पहले जटिलताओं का पता लगाने के लिए आवश्यक है कि बच्चे को मुंह से ART दिया जाता रहे और जन्म के बाद कई सप्ताह बच्चों के डाक्टर इसे जारी रखा जाए।
- यदि बच्चे को HIV संक्रमण होने की पुष्टि हो जाती है तो उसे उचित उपचार प्रदान किया जाएगा और बाद में देखभाल की जाएगी ताकि उसकी सेहत में सुधार होता रहे।

कृपया अपने बच्चे की सुरक्षा के लिए अपना परीक्षण कराएं।

यदि त्वरित HIV परीक्षण और एड्स के बारे में आपके कुछ सवाल हैं तो कृपया डॉक्टर या नर्स से बात करें।

एड्स हॉटलाइन 2780 2211 पर हमारी काउंसलर से बात करने के लिए भी आपका स्वागत है

**अधिक जानकारी के लिए:**

**एड्स हॉटलाइन: 2780 2211**
**वेबसाइट: www.aids.gov.hk**


**रेड रिब्बन सेंटर [Red Ribbon Centre]-**
**UNAIDS तकनीकी सहायता समन्वय केंद्र**

पता: 2/F., Wang Tau Hom Jockey Club Clinic,
200 Junction Road East,
Kowloon, Hong Kong

फोन: (852) 3143 7200
फैक्स: (852) 2338 0534
ई-मेल: rrc@dh.gov.hk


PA(AA4)/ 08-13(O)/ WOM-INF

## त्वरित HIV परीक्षण

# बच्चा जन्मने वाली महिलाओं के लिए



**अपने बच्चे को सुरक्षित रखें**

印度文 Hindi

## गर्भवती महिला के त्वरित HIV परीक्षण का उद्देश्य

यह बेहद आवश्यक है कि गर्भवती महिला प्रसव से पूर्व यह जान ले कि उसे HIV है या नहीं। समय पर HIV की पहचान होने पर बच्चे में इस वायरस के संक्रमण के खतरे को कम किए जाने के कदम उठाए जा सकेंगे। हॉंगकॉंग में प्रसवपूर्व जांच की क्लीनिक में सभी गर्भवती महिलाओं का नियमित HIV परीक्षण होता है। हालांकि, सामान्य HIV परीक्षण को पूरा होने में 1 सप्ताह से ज्यादा समय लग सकता है।
इसलिए, ऐसी प्रत्येक महिला को तुरंत ही त्वरित HIV परीक्षण करा लेना चाहिए, जो बच्चे को जन्म देने वाली है और उसे अब तक यह नहीं पता है कि उसे HIV है या नहीं, इस परीक्षण में केवल कुछ मिनट का समय लगता है। यह बच्चे की सुरक्षा के लिए आवश्यक है।


**त्वरित HIV परीक्षण कराने से पहले हरेक को HIV, उसके निहितार्थ और संभावित परिणामों को समझना चाहिए**

## एड्स (AIDS) - एक्वायर्ड इम्यून डेफीशियंसी सिन्ड्रोम

- एड्स नामक रोग ह्यूमन इम्यूनोडेफिशियंसी वायरस के कारण होता है, जिसे संक्षेप में HIV कहते हैं। मानव शरीर में प्रवेश करने के बाद यह वायरस संख्या में बढ़ना शुरू कर देता है और शरीर के प्रतिरक्षण तंत्र को नष्ट देता है। धीरे-धीरे यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कम कर देता है, जिससे संक्रमणों और ट्यूमरों के शरीर में प्रवेश का रास्त बन जाता है और अंतत: रोगी की मौत हो जाती है।
- शरीर में इस वायरल का प्रवेश यौन संपर्क, रोगी के खून के संपर्क गर्भावस्था के दौरान HIV पीड़ित मां से उसकी संतान में, प्रसव या स्तनपान कराते समय होता है। HIV संक्रमित मां से उसके बच्चे में रोग के संचरण की दर 15% से 40% है।
- सामान्य सामाजिक संपर्क, मच्छर या कीड़े के काटने से HIV नहीं होता।

## त्वरित परीक्षण क्या है और यह कैसे किया जाता है?


- यह परीक्षण खून के नमूने में प्रतिरक्षी की मौजूदगी का पता लगाता है।
- खून का नमूना उंगली में या नस में सुई से छेद करके प्राप्त किया जाता है। आपकी उंगली से खून की एक छोटी से बूंद ली जाती है और परीक्षण का परिणाम 20 मिनट के बाद मिल जाता है।
- त्वरित HIV परीक्षण का परिणाम निगेटिव (-ve) या पॉजिटिव (+ve) हो सकता है।



खून लेने के लिए उंगली को छेदना



लूप को (खून समेत) टेस्ट किट में रखें




जांच का परिणाम

## त्वरित HIV परीक्षण का निगेटिव (-ve)

- त्वरित HIV परिक्षण का परिणाम निगेटिव आने का अर्थ है कि गर्भवती महिला HIV से संक्रमित नहीं है। फिर भी, परीक्षण कराने वाले को 'संक्रमित होने-संक्रमण का पता लगने के बीच की समयावधि' का ज्ञान होना चाहिए। जब एक व्यक्ति इस वायरस से संक्रमित होता है तो हो सकता है कि उस समय HIV के प्रतिरक्षियों का उत्पादन इतना अधिक न हो कि उनकी पहचान की जा सके। इससे गलत निगेटिव परिणाम आ सकता है, जिससे बच्चे में संभाव्य वायरस संचरण की मौजूदगी छिप जाती है।
- जिस गर्भवती महिला के खून के परीक्षण में HIV निगेटिव आया है उसे रोकथाम के उपायों को जारी रखना चाहिए, ताकि वह स्वयं को और भ्रूण को HIV की चपेट में आने से बचा सके। इसमें सुरक्षित यौन संबंध भी शामिल हैं, जैसे कंडोम का प्रयोग और ड्रग लेने वालों से सुई की अदला-बदली।

## त्वरित HIV पॉंजिटिव (+ve) परिणाम

- त्वरित HIV परीक्षण का परिणाम पॉजिटिव आने का अर्थ है कि गर्भवती महिला को HIV संक्रमण होने की संभावना है और हो सकता है कि बच्चा भी HIV की चपेट में आ गया हो।
- हालांकि, पॉजिटिव परिणाम का आना गलत भी हो सकता है, इसलिए, यदि आरंभिक परीक्षण में परिणाम पॉजिटिव हो तो खून का नमूना आगे की जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा जाएगा उसके बाद ही उसके पुख्ता किया जा सकता है।

**त्वरित HIV परीक्षण का परिणाम पूरी तरह गोपनीय होता है**

## समय रहते पता लगना - इससे बच्चे को क्या लाभ होता है?

- अध्ययनों से पता चला है कि समय रहते निदान और तुरंत एंटीरेट्रोवायरल थैरेपी (ART) देने पर मां-से-बच्चे में HIV के संचरण को 50% तक कम किया जा सकता है। उस स्थिति में भी जब इस थैरेपी को प्रसवपीड़ा होने पर शुरू किया गया और नवजात पर जारी रही।


यूनिवर्सल प्रस्व-पश्चात HIV टेस्टिंग प्रोग्राम हेतु त्वरित HIV टेस्ट की भूमिका यूनिवर्सल प्रस्व-पश्चात HIV टेस्टिंग प्रोग्राम हेतु त्वरित HIV टेस्ट की भूमिका यूनिवर्सल प्रस्व-पश्चात HIV टेस्टिंग प्रोग्राम हेतु त्वरित HIV